# कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज0)

क्रमांक/न.पा.नाथ/प्र.श.के.स–2021/2022/11477 दिनांक :– 28.04.2022

**–: प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के तहत एम्पावर्ड कमेटी अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 27.04.2022 की कार्यवाही विवरणिका :–**

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के आदेश क्रमांक प.8ग/नियम/डी.एल.बी./2021/68664 जयपुर दिनांक 27.09.2021 के बिन्दू संख्या 01 के अनुसार गठित एम्पावर्ड कमेटी की बैठक श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, नगरपालिका नाथद्वारा की अध्यक्षता में सभा गृह में दिनांक 27.04.2022 को प्रातः 10:30 बजे आयोजित हुई जिसमें उपस्थिति निम्न प्रकार रही।

1. श्री मनीष राठी अध्यक्ष नगरपालिका नाथद्वारा एंव अध्यक्ष ले आउट प्लान अनुमोदन समितिं।
2. श्री कौशल कुमार खदुगरा, आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा एंव सदस्य सचिव ले आउट प्लान अनुमोदन समिति।
3. श्री वीरेन्द्र सिंह परिहार, सहायक नगर नियोजक उदयपुर जोन उदयपुर।
4. श्री फतहसिहं, सहायक अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
5. श्री किशन यादव, कनिष्ठ लेखाकार/विशेष आमंत्रित सदस्य, नगरपालिका नाथद्वारा।
6. श्री प्रतिक नामा, कनिष्ठ अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
7. श्री सौरभ मिश्रा, कनिष्ठ अभियन्ता, नगरपालिका नाथद्वारा।
8. श्री रिषभ जोशी, वरिष्ठ प्रारूपकार एवं नोडल भूमि शाखा प्रभारी नगरपालिका नाथद्वारा।
9. श्री सुरेश पंवार, भूमि शाखा सहायक, नोडल नगरपालिका नाथद्वारा।

उपरोक्तानुसार कोरम पूर्ण होने पर आयुक्त एंव सदस्य सचिव ले आउट प्लान अंनुमोदन समिति द्वारा समस्त सदस्य महानुभावों का स्वागत एंव अभिनन्दन करते हुवे निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई :–

<u>एजेण्डा संख्या 01</u> – राजस्व ग्राम नाथद्वारा पालिका के स्वामित्व की मास्टर प्लान नाथद्वारा में अंकित जन उपयोग हेतु आरक्षित खसरा संख्या 1789, 1790, 1791, 1796, 1798, 1806, 1809 से 1819 की रिक्त भूमि में से 5 हैक्टेयर भूमि जनहित में 200 बैडेड चिकित्सालय भवन हेतु निःशुल्क आवंटन प्रदान करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव अनुसार राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 73 के अन्तर्गत प्रदत अधिकारो के अन्तर्गत स्वीकृति एवं अनुमोदन पर चर्चा :–

उक्त एजेण्डा अनुसार श्रीमान् आयुक्त नगर पालिका ने अवगत कराया कि श्रीमान् प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजकीय चिकित्सालय एंव चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र स में नगर पालिका नाथद्वारा को उक्त आवेदन अनुसार माननीय मुख्यमंत्री महोदय के बजट घोषणा अनुसार 200 बैडेड जिला स्तरीय चिकित्सा भवन हेतु निशुल्क भूमि राजस्थान भूमि आवंटन नीति 2015 के अनुसार प्रस्तुत मांग पत्रानुसार उक्त नवीन चिकित्सा भवन हेतु 05 हैक्टेयर भूमि निशुल्कः चाही गयी है। इस पर वाद विचार विमर्श श्रीमान् अध्यक्ष नगर पालिका नाथद्वारा द्वारा जिला चिकित्सालय के निर्माण से व्यापक जनहित एंव भविष्य में नागरिको के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होने से उक्तानुसार राजस्व ग्राम नाथद्वारा पालिका के स्वामित्व की भूमि नाथद्वारा के अनुमोदित मास्टर प्लान में जन उपयोग एवं वाणिज्यिक उपयोग हेतु प्रस्तावित खसरा संख्या 1789, 1790, 1791, 1796, 1798, 1806, 1809 से 1819 की रिक्त भूमि में से 5 हैक्टेयर भूमि जनहित में 200 बैडेड चिकित्सालय भवन हेतु निःशुल्क आवंटन करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव अनुसार राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत स्वीकृति एवं अनुमोदन पर चर्चा की गई। इस सन्दर्भ में श्रीमान् वरिष्ठ नगर नियोजक के तकनीकी राय पत्रांक यूडीआर/1620/नाथद्वारा/329 दिनांक 27.04.2022 अनुसार जारी तकनीकी राय अनुसार आवश्यक शिथिलताए आवश्यक होने पर सक्षम स्तर से लिया जाकर उक्त आवेदन अुनसार चिकित्सा विभाग राजस्थान सरकार को जिला स्तरीय चिकित्सालय भवन हेतु भूमि निःशुल्क आवंटन करने हेतु सहमति प्रदान करते हुए राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 73 के द्वारा प्रदत अधिकारो अनुसार उक्त प्रस्ताव की अनुशंषा कर राज्य सरकार को वरिष्ठ नगर नियोंजक, उदयपुर जोन, उदयपुर के उपरोक्तानुसार पत्रानुसार प्रकरण में राज्य सरकार से शिथिलता लिये जाने तथा भूमि आवंटन की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रकरण को प्रेषित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

सहायक अभियन्ता
नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

आयुक्त
नगर पालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

एजेण्डा संख्या 02 –व्यापक जनहित में विभिन्न राजकीय उद्देश्यों हेतु नगर पालिका नाथद्वारा के पेराफेरी राजस्व ग्रामों की भूमि राजस्व विभाग द्वारा राज्य स्तर से आवंटन हेतु राजस्व विभाग राजस्थान सरकार को प्रदान की गयी अनापत्तिओं का अनुमोदनः– उक्त एजेण्डा अनुसार नगर पालिका नाथद्वारा से राजस्व विभाग द्वारा पालिका के पेराफेरी ग्रामो की भूमि राजस्व विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न उद्देश्यो हेतु समय समय पर आवंटन हेतु चाही गयी है जो निम्न प्रकार हैः-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | विषय | दिनांक | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नाथद्वारा। | शहरी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के लिए | 10.11.2021 | |
| 2. | श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नाथद्वारा। | उलपुरा पाछला उपस्वास्थ्य केन्द्र हेतु | 10.11.2021 | |
| 3. | श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नाथद्वारा। | उपस्वास्थ्य केन्द्र डिंगेला हेतु | 03.02.2022 | |
| 4. | श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, नाथद्वारा। | जिला प्रशिक्षण संस्थान डाइट की खातेदारी भूमि का जनजाति छात्रावास आवंटन हेतु | 28.03.2022 | |
| 5. | रघुवीर सिंह पुत्र फतह सिंह | राजस्व ग्राम गुंजोल की पेराफेरी हेतु | 22.04.2022 | |

इस पर जनहित एंव राजकीय उद्देश्यों हेतु नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्देश्यों हेतु भूमि आवंटन नीति–2015 के प्रावधानों में वर्णित क्षेत्रफल से कम भूमि का नियमानुसार आवंटन किये जाने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया।

एजेण्डा संख्या 03 – नगरपालिका के लेखा/PHED/स्टोर/निर्माण शाखा की निविदाओं के दर तथा कार्यदेश अनुमोदन :–

1. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम संख्या 68 के तहत् पालिका की निम्नानुसार शाखाओं द्वारा जारी निविदाओं में प्राप्त एकल बोली की दरों को उपापन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा के आधार पर सर्वसम्मती से स्वीकृत किया जाकर कार्यादेश जारी किये जाने के निर्देश प्रदान किये गयें :-

| क.स | कार्य का नाम | शाखा | निविदा संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) | प्राप्त दर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing and installation of Exhaust fan water Cooler and other Electric Accessories at Pump Houses under UWSS Nathdwara. | PHED | 51/2021-22 | 9.96 | -12.51% | |
| 2. | construction of boundary wall at various Head work under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.75 | -18.51% | |
| 3. | Providing and Fixing Precast RCC Panel Wall at Nandasand under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.90 | -5.00% | Single Copy |
| 4. | Proposal for installation of shoft seated sluice valve, NRV at Pump Houses and construction of valve chamber under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.80 | 0.00% | |
| 5. | Deepening and Desilting of open wells under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.53 | 5.00% | Single Copy |
| 6. | Construction of BT Road at Nand Samand Head Work Under UWSS Nathdwara Distt. Rajsamand | PHED | 51/2021-22 | 9.90 | -4.77% | Single Copy |

सहायक अभियन्ता
नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

27/4/2022

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

आयुक्त
नगर पालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | Providing, Laying Jointing Testing and Commissioning of PIPELINE under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.60 | 16.00% | Single Copy |
| 8. | Providing, Laying Jointing Testing and Commissioning of 200 mm Dia DI k-7 PIPELINE under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.95 | 19.00% | Single Copy |
| 9. | Drilling and Commissioning of TW under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.90 | -3.00% | |
| 10. | Proposal for Repairing Staff Quarter at nand Samand Filter Plant and Various head work under UWSS Nathdwara. | PHED | 51/2021-22 | 9.50 | -13.90% | |
| 11. | Providing and Fixing High Mast Light System at Nand samand Head work under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 8.50 | -11.25% | |
| 12. | Providing and fixing of MS fabricated sed, open well Cover and Other Work Miscellaneous work at various Head work under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.80 | -7.92% | |
| 13. | Construction of RR masonry Drain, at Various head work Under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.70 | -18.51% | |
| 14. | Supply and installation of Electromagnetic flow meter at Filter Plant and Main Pump House Under UWSS Nathdwara | PHED | 51/2021-22 | 9.90 | -0.51% | |
| 15. | Providing and installation of Security Camera and Monitoring System at Various Head Work under UWSS Nathdwara | PHED | 50/2021-22 | 4.93 | H – Schedule Item Rate | |
| 16. | Fixing of Sign Board at Various head work under UWSS Nathdwara | PHED | 50/2021-22 | 1.50 | H – Schedule Item Rate | |
| 17. | Drilling & Commissioning of 200 mm Dia Tubewells with Providing, Laying & Jointing of Pipe Line with 1 Year DLP at Gaurav Path to Bagol Bypass Link Road & CM Jan Aavas Yojna, Nathdwara | PHED | 47/2021-22 | 83.25 | 15.11% | Single Copy |
| 18. | Proposal for Providing laying, jointing, testing & commissioning of Distribution Pipe line Government Girls trible residencial Hostel at Nathoowas under UWSS Nathdwara | PHED | 46/2021-22 | 3.00 | | Single Copy |
| 19. | Development of green belt and landscaping with beautification work under elevated road nd as per MOU with NHAI phase II. | CIVIL | 45/2021/22 | 100.00 | -8.77% | Single Copy |
| 20. | टेन्ट/शामियाना स्टेज व जनरेटर एवं कुर्सीयां राष्ट्रीय पर्व, गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस, गणगौर मेला, दशहरा मेला व लोकार्पण, शिलान्यास व जनसंवाद व अतिविशिष्ठ अतिथि आगमन पर सत्कार कार्य | STORE | 41/2021-22 | 25.00 | H-Schedule Item Rate | Single Copy |
| 21. | असलम की सर्वे पत्रावली [illegible] | CIVIL | सर्वे कार्य | PMAY/ | ARC | अवाप्ति विस्तार |

2. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम संख्या 73 के तहत् मूल निविदा राशि की 50 प्रतिशत अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति जारी की जा सकती हैं अतः निम्नानुसार कार्यों में कार्य की आवश्यकता को देखते हुए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति से अधिक हुए व्यय की राक्षम स्वीकृति सर्वसम्मती से जारी की जाती हैं :-

सहायक अभियन्ता नगर पालिका नाथद्वारा (राज.)

अध्यक्ष नगर पालिका नाथद्वारा

27/4/2022 आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

| क. सं. | कार्य का नाम | शाखा | वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति (लाखों में) | वास्तविक व्यय | अतिरिक्त व्यय | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टेन्ट/शामियाना स्टेज व जनरेटर एवं कुर्सीयां राष्ट्रीय पर्व, गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस, गणगौर मेला, दशहरा मेला व लोकार्पण, शिलान्यास व जनसंवाद व अतिविशिष्ठ अतिथि आगमन पर सत्कार कार्य | स्टोर शाखा | 25.00 | 31.92 | 6.92 | 27.68% अतिरिक्त व्यय। |
| 2. | नगरपालिका कार्यालय में कर एवं विभिन्न आय सर्जन गतिविधिओं के उत्प्रेरण हेतु सलाहकार सेवा उपलब्ध कराने सम्बन्धी कार्य। | लेखा शाखा | 4.00 | 5.91 | 1.91 | 47.75% अतिरिक्त व्यय। |

**एजेण्डा संख्या 04 – विभिन्न निविदाओं में प्राप्त मूल्य वृद्धि समायोजन प्रस्तावों पर लेखा नियमों अनुसार विचार विमर्श एवं निर्णय :–** वित्त वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में, पालिका द्वारा जारी विभिन्न निविदाओं में संवेदकों द्वारा आवेदित मूल्य वृद्धि समायोजन प्रस्तावों को उपापन समिति द्वारा बोली दस्तावेजों में योग्य पाये जाने पर RTPP Act 2012 & Rules 2013 एवं PWD F&AR के क्लोज़ 45 के तहत् तकनिकी परिक्षण कर विभागीय सिड्यूल ऑफ पॉवर के अध्यधीन उचित प्रस्ताव तैयार करने हेतु उपापन समिति को अधिकृत किया गया, जिसे एम्पावर्ड कमेटी से उपापन समिति द्वारा स्वीकृत प्रस्तावो को स्वीकृति तदअनुसार नगरपालिका नाथद्वारा स्तर से स्वीकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मती से जारी किया गया।

**एजेण्डा संख्या 05 – गिराज मॉडल बस स्टैण्ड तथा ईको ट्यूरिजम पार्क हेतु प्राप्त राजस्व निविदाओं के अनुबंध जारी करने पर चर्चा :–**

1) यह कि मॉडल बस स्टेण्ड को पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल के आधार पर दिये जाने हेतु राजस्व निविदा संख्या 12/2019 – 499 दिनांक 30.01.2020 के तहत् प्राप्त H-I बोलीदाता मैसर्स BSA Corporation द्वारा दिनांक 27.10.2020 को जरिये पत्र 28.65 लाख + 18% अतिरिक्त GST एवं 5% वार्षिक वृद्धि प्रति वर्ष पर मॉडल बस स्टेण्ड को पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप पर चलाये जाने का प्रस्ताव पेश किया गया तत्पश्चात् मैसर्स BSA Corporation द्वारा दिनांक 05.01.2021 को जरिये पत्र यह निवेदन किया गया कि विश्वव्यापी महावारी कॉविड–19 (कोरोना) के कारण आर्थिक मंदी होने से संस्था की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण कार्य की वैधता बढाने की मांग की गयी। जरिये पत्रांक दिनांक 29.03.2022 के तहत् मैसर्स BSA Corporation द्वारा आवेदन किया जाकर उक्त कार्य के सन्दर्भ में संविदा करार करने एवं कार्यादेश जारी करने की मांग की गई हैं। संवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को ध्यान में रखते हुए संवेदक मैसर्स BSA Corporation द्वारा प्रस्तुत दर 28.65 लाख + 18% अतिरिक्त GST एवं 5% वार्षिक वृद्धि प्रति वर्ष को निविदा शर्तोनुसार 10 वर्ष की अवधी हेतु स्वीकार कर उपापन समिति को उक्त राजस्व निविदा में उल्लेखित उपबंधों, बिन्दुओं, नियम/शर्तो की उचित जाँच कर अनुबंध पत्र तैयार किये जाने हेतु अधिकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मती से जारी किया गया।

2) यह कि पालिका राजस्व निविदा EOI/NIT संख्या 29–6310 दिनांक 11.10.2021 के तहत् गिरधर सागर तलाव में जलक्रीडा गतिविधि हेतु राजस्व निविदा जारी की गयी जिसमें एकल निविदा मैसर्स BSA Corporation JV Moto Sport Park द्वारा राशि रूपये 28.00 लाख + 18% अतिरिक्त GST एवं 5% वार्षिक वृद्धि प्रति वर्ष प्रस्तुत की गई हैं RTPP Rules 2013 के नियम 68 के तहत् उक्त निविदा प्रक्रिया में प्राप्त एकल बोली को पालिका हेतु निजी आय सर्जन एवं नाथद्वारा शहर में पर्यटन गतिविधिओं में बढावा देने हेतु प्रस्तुत दर को RTPP Rule 68 के तहत् निविदा शर्तोनुसार 15 वर्ष की अवधी हेतु स्वीकृत कर उपापन समिति को उक्त राजस्व निविदा में उल्लेखित उपबंधों, बिन्दुओं, नियम/शर्तों की उचित जाँच कर अनुबंध पत्र तैयार किये जाने हेतु अधिकृत किये जाने का निर्णय सर्वसम्मती से जारी किया गया।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नाथद्वारा (राज.) आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा 2/4/2022

अध्यक्ष नगर पालिका नाथद्वारा

Scanned with CamScanner

एजेण्डा संख्या 06 – मीरा नगर आवासीय परियोजना से संबन्धित विभिन्न प्रकारणों में मूल रिकॉर्ड के आवंटन रिकॉर्ड के पालिका में नहीं होने से नियमानुसार एफ.आई.आर. दर्ज करवाने पर चर्चा :– उक्त एजेण्डा अनुसार श्रीमान् आयुक्त नगर पालिका ने अवगत कराया कि पीछले 02–03 वर्षों से आवेदक श्री शिवरतन सोनी द्वारा संलग्न रसिद, कोर्ट केस के दस्तावेज तथा पुर्व में मीरा नगर आवंटन से सम्बन्धित पट्टा प्रकरण के निस्तारण हेतु कई बार आवेदन किया जा चुका है परन्तु मीरा नगर आवसीय योजना का मूल रिकॉर्ड तथा मूल आवंटन सूची तथा मूल ले आउट जिसके सीमाकन अनुसार तथा प्लाट संख्या अुनसार तत्समय निलामी की गयी है का मूल रिकॉर्ड वर्तमान शाखा प्रभारी रिपोर्ट अनुसार अप्राप्त है तथा बिना रिकॉर्ड तथा मूल रिकार्ड के यह सनिश्चित किया जाना असंभव है कि किस आवेदक को किस नंबर का प्लाट आंवटित किया गया था तथा आज उनकी मौका स्थिति कब्जा तथा स्थिति का प्रकरण अनुसार क्या स्थिति है इस प्रकार ऐसी स्थिति में वर्तमान में संचालित प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में श्री शिवरतन सोनी तथा अन्य में आवेदको द्वारा उनके पक्ष में पट्टा तथा स्वामित्व अधिकारो हेतु आवेदन कर निस्तारण हेतु निवेदन किया गया है बाद विचार विर्मश समिति ने उक्तानुसार मूल रिकॉर्ड के अप्राप्त होने वही स्थिति के कम में तत्कालिन समय से ही मीरा नगर की मूल पत्रावली तथा अलॉटमेन्ट हुए भूखण्डों की सूची भूमि शाखा से नहीं होने से उक्त प्रकरण में कार्यवाही नहीं की गई तथा वर्तमान में भी मूल पत्रावली के नहीं पाये जाने से कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हैं। अतः प्रकरणो के नियमानुसार निस्तारण में आ रही समस्या के अनुसार राजकीय नियमों अनुसार सर्वप्रथम मीरा नगर आवासीय योजना के रिकॉर्ड हेतु तुरन्त प्रभाव से जिम्मेदारी तय करने तथा सर्च नोट जारी करने तथा तत्पश्चात सर्च नोट जारी किये जाने पश्चात् भी पत्रावली सभी शाखाओं में नहीं मिलने पर आयुक्त महोदय को उक्त प्रकरण में पुलिस थाना नाथद्वारा में एफ.आईए.आर. दर्ज कर अग्रीम कार्यवाही करवायी जाने तथा इस बाबत् सभी आवेदको तथा प्रश्नगत प्रकरणो में सूचना जारी करने का निर्णय सर्वसम्मती से अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा संख्या 07 – प्रशासन शहरों संग अभियान 2021 की प्रगति एवं कार्यकम एवं समीक्षा :– वर्तमान में राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों के कम में एवं विडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से श्रीमान् संयुक्त सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि द्वितीय चरण के तहत् आगामी दिनांक 02.05.2022 से वार्ड वाईज शिविर का आयोजन करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रचार एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए 69ए धारा के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया हैं कि वर्तमान में लंबित कुल प्रकरणों एवं नवीन प्रकरणों पर पालिका कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता, वरिष्ठ प्रारूपकार के स्तर पर लंबित समस्त पत्रावलियों को सात दिवस में मौका रिपोर्ट कर आयोजित शिविर में वार्डवार पट्टा वितरण करना सुनिश्चित करेंगे तथा समस्त कर्मचारी अपने पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे तथा प्रगति रिपोर्ट एवं अनुमोदन हेतु आगामी एम्पावर्ड कमेटी में रखी जाना सुनिश्चित करेंगे।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता सदस्य ले आउट प्लान अनु. समिति नगरपालिका नाथद्वारा | सहायक नगर नियोजक एंव सदस्य ले आउट प्लान अनु.समिति नगरपालिका नाथद्वारा | सदस्य सचिव ले आउट प्लान अनुमोदन एवं आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा | अध्यक्ष नगरपालिका एंव अध्यक्ष ले आउट प्लान अनुमोदन समिति, नगरपालिका नाथद्वारा |

27/4/2022

अध्यक्ष
नगर पालिका नाथद्वारा

कमांक/न.पा.ना/2022/11478–11481 दिनांक :– 28.04.2022

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् अध्यक्ष नगरपालिका एंव अध्यक्ष ले आउट प्लान अनु. समिति, नगरपालिका नाथद्वारा।
2. सहायक नगर नियोजक एंव सदस्य ले आउट प्लान अनु.समिति नगरपालिका नाथद्वारा।
3. सहायक अभियन्ता एंव कनिष्ठ अभियन्ता, सदस्य ले आउट प्लान अनु. समिति नगरपालिका नाथद्वारा।
4. सुरक्षित पत्रावली।

Scanned with CamScanner